# साई नाथ सांवरिया मेरे

मेरा कोई न सहारा बिन तेरे साई नाथ सांवरिया मेरे,

मैं जन्म लिया जग में आया,
साई किरपा से नर तन पाया,
तूने किये उपकार घनेरे,
साई नाथ सांवरिया मेरे.........

संसार न मुझको ये भाया,
मैंने इक पल चैन नहीं पाया,
मैं तो आन पड़ा दर तेरे,
साई नाथ सांवरिया मेरे.........

मेरे नैना कब से तरस रहे,
सावन भादो के बरस रहे,
जब छाये गौर अँधेरे
साई नाथ सांवरिया मेरे.........

साई आजाओ साई आ जाओ,
अब और न मुझको तरसाओ,
काटो जन्म मरण के फेरे
साई नाथ सांवरिया मेरे.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10618/title/mera-koi-na-sahara-bin-tere-sai-nath-sanwariya-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |